हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 24 दिसंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 विभिन्न व्यवसायों के माध्यम से बच्चों ने बताया ...




10 फूलोदेवी ने कहा- बाबा को अपमानित करने का ...



**खबर संक्षेप**

### नशे में मिले अधेड़ को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल, मौत



**बालोद।** जिले के सनौद थाना क्षेत्र में कोसागोंदी गांव के पास एक व्यक्ति शराब के नशे में रविवार की देर शाम पुलिसकर्मियों को मिला, जिसे अस्पताल पहुंचाने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। सनौद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम युगल सोनी 55 बर्ष है, जो दुर्ग का रहने वाला था। वहीं, जानकारी के अनुसार युगल पत्नी औऱ परिजनों से घर से झगड़ा करके घर से निकला था। जो कोसागोंदी गांव के पास एक खेत में नशे की हालत में मिला था। घटना स्थल से पुलिस ने व्यक्ति की बाइक बरामद की है। वहीं, उसकी मौत कैसे हुई यह जांच का विषय है, हालांकि पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मौत का कारण क्या है। बहरहाल सनौद पुलिस जांच में जुट गई है।

### आग में झुलसी महिला की मौत

**बालोद।** ग्राम झलमला में दो सप्ताह पहले आग की चपेट में आकर पति पत्नी झुलस गए थे। उनमें से महिला गीतू पटेल की उपचार के दौरान मौत हो गई। बता दें कि घटना के बाद दोनों को आनन फानन में जिला अस्पताल में ले जाया गया था। जहां पति का प्राथमिक उपचार किया गया और पत्नी की हालत गंभीर होने पर राजनादगांव रेफर किया गया था, वहां भी ठीक नहीं होने पर रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां रविवार की शाम मौत हो गई, डाक्टरों के अनुसार सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा दिया गया।



### चन्दखुरी में गुरु घासीदास जयंती व मड़ई कल

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चन्दखुरी में 25 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की 268 वीं जयन्ती एवं मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत आसन गद्दी स्थापना एवं पूजा के साथ प्रातः 9 से होगी। इस अवसर पर सतनाम शोभायात्रा निकालने के बाद झंडारोहण किया जाएगा एवं पंथी नृत्य की प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही ग्राम मड़ई एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम सुनील सोनी स्टार नाईट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल होंगे, अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर करेंगे।

### पिछड़ा वर्ग सम्मेलन 25 को खप्परवाड़ा में

**अंडा।** पिछड़ा वर्ग सम्मेलन ग्राम खप्परवाड़ा जिला बालोद में 25 दिसंबर को शाम 5 बजे से आयोजित है। प्रदेश प्रवक्ता सोमनाथ साहू ने बताया कि इस सम्मेलन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर विभिन्न समाज प्रमुखों के साथ शामिल होंगे। सम्मेलन में विधायक ललित चंद्राकर व पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष धणेश चंद्राकर करेंगे, विशेष अतिथि ग्राम सरपंच रेवती देवदास दीपक चंद्राकर सौरभ चंद्राकर धोबी समाज के जिला राजनंदगांव अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर देवांगन समाज के वरिष्ठ नेता सेवक देवांगन हैं। स्वागत समिति के अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर को बनाया गया है।

# महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों का किया गया सम्मान, स्वरोजगार के लिए ऋण राशि वितरित

## राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर किया गया महतारी वंदन सम्मलेन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल मनाया जा रहा है । सोमवार वृहद महतारी वंदन सम्मलेन जिला मुख्यालय के समीप स्थित टाउन हाल में आयोजित किया गया।

महतारी वंदन सम्मान समारोह कार्यक्रम में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल, सदस्य जिला पंचायत प्रज्ञा निर्वाणी,पुष्पा साहू, संध्या परघनिया, पार्षद नीतू कोठारी,ललिता साहू सहित महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। गर्भवती माताओं की गोदभराई और बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार कराए गए। कार्यक्रम के दौरान स्वसहायता समूह, एकल महिलाओं को स्व रोजगार के लिए ऋण राशि के चेक सौंपे गए। वहीं, सुकन्या योजनांतर्गत माता-पिता व अभिभावकों को पासबुक प्रदान किया गया।



### बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत की दिलाई गई शपथ

सुकन्या समृद्धि योजना भारत की एक छोटी बचत योजना है, जिसकी शुरुआत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत की गयी । जिसके अंतर्गत माता-पिता या कानूनी अभिभावक कन्या के नाम से खाता खोल सकते हैं इस योजना के अंतर्गत खाता खुलवाने के लिए बच्ची की आयु सीमा 10 वर्ष से कम होनी चाहिए । कार्यक्रम में महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। मुख्य मंत्री विष्णु देव की पाती का वितरण किया गया ।महिलाओं ने विष्णु की पाती का वाचन किया गया और उपस्थित महिलाओं ने अपने विचार साझा किए। इसके साथ ही, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान और बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत हेतु सभी को शपथ दिलाई गई।

## कलेक्टर पर लगाया कांग्रेस के इशारे पर काम करने का आरोप, की हटाने की मांग

# सोशल मीडिया में विधायक के खिलाफ पोस्ट करने वाले को जमानत, भाजपा ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

भाजपा नेताओं ने सोमवार देर रात तक कलेक्टोरेट में जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान साजा के भाजपा विधायक ईश्वर साहू भी मौजूद रहे और कलेक्टर रणबीर शर्मा की मौजूदगी में उनके कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए।

■ देर रात तक कलेक्टोरेट परिसर में ही विधायक ईश्वर के साथ डटे रहे भाजपा कार्यकर्ता

इस दौरान साजा के भाजपा नेताओं व कार्यकर्ता ने कलेक्टर पर कांग्रेस के इशारे में कार्य करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग करते हुए नारेबाजी करते रहे। मामला बीते दिनों साजा विधानसभा के थानखमरिया तहसील में शराब पकड़े के संबंध में है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थानखमरिया तहसील में शराब पकड़ने गई थी। इस संबंध में विधायक ईश्वर साहू के खिलाफ कांग्रेस नेता व उनके ग्राम के अंजोर यदु ने सोशल मीडिया में शेयर कर विधायक के संरक्षण में होने का उल्लेख किया जाना बताया।






सोशल मीडिया में विधायक के खिलाफ आरोप लगाने के आधार पर कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे के समर्थक अंजोर यदु के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई। उसके बाद पुलिस ने प्रतिबंधित धारा के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम के न्यायालय में पेश किया। लेकिन, आरोपी को वहां जमानत नहीं मिली। उधर, जमानत नहीं दिए जाने की खबर कांग्रेस नेताओं एवं पूर्व मंत्री रविंद्र को लगी। उसके बाद कांग्रेस के नेता इकट्ठे हो गए। उसके बाद कांग्रेस नेताओं की आपत्ति व विरोध के बाद कांग्रेस नेता को जमानत दे दी गई।

### कलेक्टर के सामने ही उन्हें हटाने करते रहे प्रदर्शन

उधर, सोशल मीडिया में टिप्पणी करने वाले युवक को जमानत दिया जाना विधायक ईश्वर साहू व भाजपा नेताओं को नागवार गुजरी। जानकारी मिलने के बाद विधायक ईश्वर साहू के साथ-साथ भाजपा के सैकड़ों नेताओं ने कलेक्टोरेट में धावा बोल दिया। उन्होंने कलेक्टर पर आरोप लगाया कि उनके संरक्षण में ही कांग्रेस नेता को जमानत दी गई है। इसके साथ ही कलेक्टर रणबीर शर्मा पर कांग्रेस के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। वे कलेक्टोरेट में कलेक्टर के सामने ही प्रदर्शन करते हुए उन्हें हटाने की मांग करते रहे। समाचार लिखे जाने तक भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी कलेक्टोरेट परिसर में ही उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री साय ने किया मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन का अवलोकन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवागढ़ में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता और गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव के समापन समारोह में मंच पर जनसम्पर्क विभाग की मासिक पत्रिका "छत्तीसगढ़ जनमन" का अवलोकन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने भी पत्रिका जनमन का अवलोकन कर सराहना की। मंच पर अतिथियों के लिए जनसंपर्क विभाग की विभिन्न योजनाओं,उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक व प्रचार सामग्री अतिथियों के लिए अवलोकन हेतु प्रस्तुत की थी। इसके अलावा महोत्सव में लगाए गये जनसंपर्क प्रदर्शनी स्टॉल में भी आमजन के लिए निःशुल्क प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। युवा खास कर विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षार्थियों ने कहा कि उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं और छत्तीसगढ़ की जानकारी भी वितरित प्रचार सामग्री से मिली।

■ राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता में शामिल होने के दौरान की पत्रिका की सराहना

जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित 'छत्तीसगढ़ जनमन' के नये क्लेवर के साथ प्रकाशित की गयी है। छत्तीसगढ़ जनमन के इस विशेष एवं बेहद आकर्षक एवं महत्वपूर्ण जानकारी से भरे अंक है। छत्तीसगढ़ जनमन में राज्य सरकार के ऐतिहासिक फैसलों, नई सरकार की योजनाओं के साथ-साथ नया छत्तीसगढ़ गढ़ने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारियों का समावेश है।

# मोहभट्ठा समिति के अध्यक्ष बनाए गए सुनील सिंह



**बेरला।** ब्लॉक बेरला के ग्राम मोहभट्ठा में सेवा सहकारी समिति मर्यादित पंजीयन क्रमांक 671 के सुनील राजपूत अध्यक्ष नियुक्त हुए। समिति मोहभट्ठा अन्तर्गत ग्राम परपोड़ा, मनियारी, खिसोरा, मोहभट्ठा, मनियारी, कोदवा एवं परपोड़ा के किसानों ने श्री राजपूत को पुष्प हार पहना कर गुलाल लगाकर गुलदस्ता भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। वहीं, उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान समिति अध्यक्ष सुनील सिंह राजपूत ने कहा कि सभी किसान भाइयों, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ जन के आशीर्वाद व समर्थन मिला। समिति केंद्र में सभी किसान को सरकार द्वारा दी जाने वाली योजना व सुविधाओं को दिलाने में पूरा प्रयास करूंगा।

किसी किसान को समस्या न हो इसका पूरा ध्यान रखूंगा। साथ ही खाद्य, बीज एवं अन्य कृषि सुविधाओं को समय पर उपलब्धता सुनिश्चित का भरोसा दिलाया गया। इस अवसर पर प्रभारी समिति प्रबंधक पवन निषाद, अनेश साहू, निरंजन पाल, टिका साहू, सतीष यादव, श्यामू साहू, हेमेंद्र साहू, नरेंद्र दाऊ, किसुन वर्मा, संकटमोचन चौबे, सुशील साहू, भोला साहू, कर्मचारी सहित कृषक उपस्थित थे।

## निर्वाचन क्षेत्रों के आरक्षण की कार्यवाही के लिए टीम गठित

**बेमेतरा।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 के तहत जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत क्षेत्र के निर्वाचन क्षेत्रों के आरक्षण की कार्यवाही से संबंधित जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जाना है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने प्रभारी और सहायक अधिकारी की टीम का गठन किया है। प्रकाश भारद्वाज, उपसंचालक, पंचायत प्रभारी अधिकारी होंगे। उनके सहायक अधिकारी और सहायक धनराज मेश्राम, प्र. जिला अंकेक्षक, कार्या. उपसंचालक, पंचायत, विनीत वैष्णव, सहा. ग्रेड 2 कार्या. उपसंचालक पंचायत नरेन्द्र कुमार बंजारे, संकाय सदस्य डी.पी.आर.सी उमाशंकर खाण्डे, संकाय सदस्य डी.पी.आर.सी, सौदागर नंद, लेखापाल डीपीआरसी महेश वर्मा, लेखापाल, एनआरएलएम, जि.पं. धन्नू राम यादव, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर और अमन कुमार पाण्डेय सहायक ग्रेड-03 होंगे।

## जिले में 4 स्थानों पर किया गया मॉक टेस्ट का आयोजन

# जवाहर नवोदय विद्यालय प्री टेस्ट में जिले के 664 विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लक्ष्य छत्तीसगढ़ जिला इकाई बेमेतरा द्वारा 22 दिसंबर दिन रविवार को बेमेतरा जिला में चार जगहों पर जवाहर नवोदय विद्यालय प्री टेस्ट मॉक परीक्षा का आयोजन किया गया।

प्री टेस्ट मॉक परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केहका, (साजा), सेजस परपोड़ी (साजा), हाई स्कूल परसबोड (साजा), और इंडियन पब्लिक स्कूल नवागढ़ में लक्ष्य जिला अध्यक्ष डोगेंद्र वर्मा प्रधान पाठक पिपरिया एवं गुना राम चंदेल के मार्गदर्शन में हुआ। सेजेस परपोड़ी प्रभारी हिमांचल वर्मा, कमलेश कुमार वर्मा, रोशन सिंह चंदेल, परसबोड प्रभारी कल्याण दास बंजारे एवं आशा बंजारे और भीषम वर्मा, नवागढ़ प्रभारी शेर सिंह राजपूत ( प्रधान पाठक) है। परपोड़ी में 91 बच्चे, परसबोड में 113 बच्चे, केहका में 280, नवागढ़ में 180 बच्चे कुल 664 बच्चे शामिल हुए और परीक्षा के पूर्व ओएमआर शीट कैसे भरना एवं तैयारी कैसे चल रही है इसको परखा गया। सभी परीक्षा केंद्र में बहुत ही अच्छे ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। इसके लिए सभी सहयोगी को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया गया।



जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केहका में साजा विकासखण्ड के अलावा पड़ोसी जिले के भी बच्चे भी सम्मिलित हुए। प्रातः 10:00 बजे से 12:00 तक टेस्ट परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें लगभग 280 बच्चे सम्मिलित हुए। जिसमें साजा विकासखण्ड के साथ-साथ कबीरधाम जिला और खैरागढ़ जिला से बच्चे सम्मिलित हुए। आयोजन कर्ता में मुख्य रूप से सम्मिलित शिक्षक, विशेषर नेताम, उत्तम साहू, देवराम साहू, मुकेश वर्मा, रामदत्त साहू, मुकेश सिंह राजपूत, विशेश्वर साहू, संजय देवांगन यादव, चुरावन दास मानिकपुरी, जितेन्द्र साहू शामिल थे। साथ ही संकुल प्राचार्य केहका कमलेश गायकवाड़, सीएससी राजेश जायसवाल, प्राचार्य परसबोड़ ईश्वर लाल साहू, प्राचार्य सेजेस परपोड़ी एवं कुंभ लाल वर्मा सीएससी परपोड़ी का विशेष सहयोग रहा।

अंत में सभी बच्चों को प्रधान पाठक डोगेंद्र वर्मा द्वारा बच्चों को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं एवं आगे की पढ़ाई कैसे करें इसके बारे में बच्चों को विस्तार से बताया और अंत में सभी पालकों को अपने बच्चों को परीक्षा में सम्मिलित कराने के लिए आभार व्यक्त किया।

## ग्राम बहेरा में आयोजित एनएसएस शिविर में पहुंची टीम ने किया जागरुक

# विद्यार्थियों को अपराध के प्रति सजग रहने का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत "हमर पुलिस हमर बजार" एवं "हमर पुलिस हमर गांव अभियान चलाकर पुलिस प्रशासन आमजनों को विभिन्न अपराधों से बचने जागरूक करने का कार्य कर रहा है।

■ सामुदायिक पुलिसिंग के तहत चलाया जा रहा है जागरुकता अभियान

रविवार को पुलिस टीम ने ग्राम बहेरा में सात दिवसीय आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्कूली बच्चों को अपराध के प्रति सजग रहने का दिया संदेश दिया। महिला सुरक्षा टीम की महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे ने स्कूली बच्चों को अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप, चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही स्कूली बच्चों को गुड टच व बेड टच, सेल्फ डिफेंस, महिलाओं पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनकी रोकथाम तथा महिलाओं एवं बालिकाओं पर हो रहे लैंगिक शोषण से बचाव एवं कारण से संबंधित जानकारी विस्तार से बताई। इसके साथ ही सायबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।



इस दौरान यातायात के नियमों का हमेशा पालन करने एवं बिना लायसेंस के वाहन नहीं चलाने एवं उन्हें हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव बताए गए और जीवन में कभी भी नशा नहीं करने का संकल्प दिलाया गया।

इस अवसर पर लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा प्राचार्य डॉ विनिता गौतम, शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा से सरस्वती चौहान, डॉ मेघा तिवारी सहित अन्य शिक्षिकाएं, महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्राण घातक हमला करने वाला धरा गया

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(2), 118(1), 109 बी.एन.एस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि शास्त्री नगर कैम्प 1 निवसी थानू यादव और कालू सरदार दोनों जैतखाम के पास खडे थे। इस दौरान राजीव नगर वैशाली नगर निवासी आरोपी सूरज बंजारे उनके पास आया। थानु और कालू दोनो को आरोपी सूरज गाली गलौज करने लगे। जिसे लेकर दोनों ने विरोध किया लेकिन उसी के साथ आरोपी मे मारपीट कर जान से मारने की नियत से हमला कर फरार हो गया।

हरिभूमि **पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### सुशासन दिवस पर सामूहिक शपथ



**रायपुर।** राज्य शासन के निर्देश पर 19 से 24 दिसंबर तक राजधानी में सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वच्छता दीदियों ने सुंदर रंगोली बनाकर सुशासन दिवस की अहमियत बताई। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और निगम के नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मधु चंद्रवंशी ने आम जनता को सुशासन दिवस पर सामूहिक शपथ दिलाई। रामनगर कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, चौबे कालोनी दशहरा मैदान गार्डन, डीडीनगर सेक्टर-4, संतोषीनगर खमतराई सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर शहरवासियों ने सामूहिक शपथ ली।

### 50 लाख की लागत से बने मितानिन भवन का लोकार्पण



**रायपुर।** शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित छत्तीसगढ़ नगर में वार्ड पार्षद एवं जोन-6 अध्यक्ष निशा-देवेंद्र यादव ने मितानिनों के लिए 5 लाख की लागत से नवनिर्मित मितानिन भवन का लोकार्पण किया। वार्ड में मितानिनों के लिए भवन नहीं होने से उन्हें आवश्यक बैठक करने जगह नहीं मिल रही थी। इससे उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता था। वार्ड पार्षद ने मितानिन की परेशानी को देखते हुए छत्तीसगढ़ नगर में शासन की योजना के तहत 50 लाख की लागत से निर्मित मितानिन भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर जोन अध्यक्ष निशा यादव, मितानिन शांति पटेल, कामिनी चंद्राकर, प्रीति साहू, अनिता राजपूत, शीलू ठाकुर, सरिता सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

### खाली प्लाट पर कचरा डंपिग यार्ड, बदबू और धुएं से परेशान रहवासी



**रायपुर।** महावीर नगर में साईं मंदिर के सामने खाली पड़े निजी प्लाट पर कचरा डंपिग जोन बना दिया गया है। यहां एकत्र कचरे से फैल रही बदबू ने आसपास के रहवासियों को खासा परेशान कर रखा है। वहीं अज्ञात लोगों द्वारा कचरे में आग लगा देने से धुंआ आसपास फैल जाता है, जिससे राहगीरों समेत वार्डवासियों को भी दिक्कत हो रही है। इस संबंध में महावीर नगर साईं मंदिर के आसपास के रहवासियों ने बताया कि मंदिर के ठीक सामने रोड की दूसरी तरफ खाली पड़े विशाल प्लाट पर कचरा फेंका जा रहा है, जिसमें तमाम तरह के वेस्ट, प्लास्टिक कचरा, पॉलिथीन की भरमार है। इसके अलावा एकत्र कचरे से उठ रही बदबू फैलने से यहां रहने वालों को परेशानी हो रही है। अज्ञात तत्व द्वारा कचरे में आग लगा देने से कई दिनों तक धुंआ फैलता रहता है, इस धुएं ने भी उनका जीना मुहाल कर रखा है। निगम के अधिकारी-कर्मचारी इस समस्या को दूर करने में रुचि ही नहीं दिखा रहे। यहां के रहवासियों ने निगम मुख्यालय और जोन में जल्द ही शिकायत करने की बात कही है।

### सांसद बृजमोहन का जताया आभार

**रायपुर।** सेन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद के प्रतिनिधि मनोज शुक्ला को ईष्टदेव हनुमानजी का प्रतीक चिन्ह गदा भेंटकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा सेन भवन के लिए 10 लाख राशि की घोषणा के बाद सेन समाज जिला रायपुर के अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर के नेतृत्व में रविवार को उनके प्रतिनिधि मनोज शुक्ला को ईष्टदेव हनुमानजी का प्रतीक चिन्ह गदा एवं जय माता दी गमछा तथा छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिल, मुर्रा गुड़ लड्डू एवं पुष्पहार से स्वागत करते हुए सांसद श्री अग्रवाल को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

# शिव प्रकाश, नितिन नवीन का आना टला, अब दिल्ली में आज होगी संगठन चुनाव पर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के संगठन चुनाव को लेकर यहां पर 24 दिसंबर को होने वाली बैठक राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन के न आने से टल गई है। अब यही बैठक 24 दिसंबर को दिल्ली में होगी।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, संगठन चुनाव के प्रदेश प्रभारी खूबचंद पारख और सदस्य सोमवार को दिल्ली जाएंगे। मंगलवार को दिल्ली में बैठक में संगठन चुनाव को लेकर चर्चा होगी। इसमें अब तक संगठन चुनाव में क्या-क्या हुआ है, इसकी रिपोर्ट दी जाएगी।

भाजपा का देश भर में संगठन चुनाव चल रहा है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। बूथों में कमेटियों के गठन के बाद अब मंडल अध्यक्षों का चुनाव चल रहा है। अब तक चार सौ से ज्यादा मंडल अध्यक्षों का चुनाव हो चुका है। कुछ ही मंडल में चुनाव बचा है। यह सोमवार तक पूरा हो जाएगा। इसी के साथ जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो जाएगी।



### प्रदेश के संगठन मंत्री पारख देंगे पूरी रिपोर्ट

दिल्ली में संगठन चुनाव को लेकर होने वाली बैठक में प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख पूरी रिपोर्ट देंगे। इसमें बताया जाएगा कि कितने बूथों में कमेटियां बनीं हैं, कितने में नहीं बन पाई है। जहां कमेटियां नही बनीं होगी उसका कारण भी बताया जाएगा। मंडल अध्यक्षों के चुनाव में 476 मंडलों में से 440 में ही चुनाव हो रहा है, 35 मंडलों में अभी चुनाव नहीं रहा है। इसके बारे में भी बताया जाएगा कि किस कारण से वहां चुनाव नहीं हो रहा है। जिलाध्यक्षों का चुनाव कब तक पूरा होगा इसकी भी पूरी जानकारी रखी जाएगी। वहां से चुनाव को लेकर मार्गदर्शन मिलेगा। दिल्ली जाने वालों में संगठन चुनाव कमेटी के सदस्य मधुसूदन यादव, चंपा देवी पावले और कृष्णमूर्ति बांधी भी शामिल हैं।

## ऐसे आचरण के बावजूद भाजपा को कोई पश्चाताप नहीं

# फूलोदेवी ने कहा- बाबा को अपमानित करने का शाह को हक नहीं, माफी मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा, जिनके नियम कानून पर पूरा देश चलता है, वे बाबा साहेब आंबेडकर हमारे लिए भगवान हैं। उन्हें अपमानित करने का केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को कोई हक नहीं है। उनको अपने बयान के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए फूलोदेवी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान का वीडियो दिखाते हुए कहा, भाजपा ने विपक्षी नेताओं को बदनाम करने और उनका अपमान करने के लिए मंच का दुरुपयोग किया। इससे भी बदतर, केंद्रीय गृहमंत्री ने संविधान के मूल तत्व और इसके प्रमुख निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान किया। इस आचरण के बावजूद, भाजपा और उसके नेतृत्व ने कोई पश्चाताप नहीं दिखाया है। इसके बजाय, वे ऐसे बयानों का बचाव करके लाखों भारतीयों को होने वाली पीड़ा को बढ़ाने में लगे हैं, जिससे उनकी गहरी संविधान-विरोधी और दलित विरोधी मानसिकता उजागर होती है।

फूलोदेवी ने कहा, भारतीय संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर संविधान पर चर्चा का अनुरोध किया था। यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया और संसद में विचार-विमर्श की प्रक्रिया शुरू हो गई।



हालांकि, संविधान पर एक गंभीर और महत्वपूर्ण चर्चा के रूप में शुरू हुई चर्चा को भाजपा ने राजनीतिक अवसरवाद के एक शर्मनाक प्रदर्शन में बदल दिया। इस अवसर की गरिमा को बनाए रखने के बजाय, भाजपा ने विपक्षी नेताओं को बदनाम करने और उनका अपमान करने के लिए मंच का दुरुपयोग किया। इससे भी बदतर, केंद्रीय गृह मंत्री ने संविधान के मूल तत्व और इसके प्रमुख निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान किया। उन्होंने कहा, यह घटना कोई अकेली घटना नहीं है। यह आरएसएस के ऐतिहासिक और वैचारिक रुख को दर्शाती है, जिसने अपनी स्थापना के समय से ही भारतीय संविधान का विरोध किया है। आरएसएस ने संविधान का खुलेआम अपमान किया है, इसके एक प्रमुख नेता ने इसे भारतीय से रहित बताया है। आरएसएस की वैचारिक प्राथमिकता संविधान में निहित भारत के प्रगतिशील और समतावादी दृष्टिकोण के बजाय मनुस्मृति है, जो एक प्रतिगामी और जातिवादी ग्रंथ है।

### किरण देव ने कहा- बाबा आंबेडकर का विरोधी है विपक्ष, हमेशा की उपेक्षा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की हमेशा सामाजिक और राजनीतिक उपेक्षा करने वाले कांग्रेस के नेता आज वोट बैंक की खातिर बाबा साहेब के अपने होने का ढोंग कर रहे हैं। राजनीतिक एजेंडे को साधने के लिए कांग्रेस और उसका टूलकिट गैंग भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश कर समाज को बांटने का काम कर रहा है। अपनी विभाजनकारी, द्वेषपूर्ण राजनीति को बल देने और चुनावों में मिल रही हार से हताश कांग्रेस के नेताओं ने लोकतंत्र के मंदिर को भी नहीं छोड़ा और उसको भी अपनी साजिश का केंद्र बना दिया, राहुल गांधी और उनके नेताओं द्वारा किया गया ये कृत्य निंदनीय है। सच्चाई यह है कि विपक्ष डॉ. आंबेडकर का विरोधी है। श्री देव ने कहा, राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह के पूरे बयान में से एक छोटे 'एडिटेड वीडियो' को पेश किया गया, ये साजिश नहीं तो क्या है?



कांग्रेस और उसके टूलकिट गैंग ने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों के एडिट वीडियो का प्रचार किया, फिर लोकसभा चुनाव में अमित शाह के बयान को एआई का उपयोग कर एडिट किया। चुनावों में मिली हार से कांग्रेस इतनी बौखला गई है कि वो जनता के बीच उन्माद पैदा कर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। उन्होंने कहा, देश के संविधान को समावेशी बनाने में, देश के पिछड़े वर्ग, दलित, आदिवासी और वंचितों को न्याय दिलाने के लिए तथा देश के लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने में बाबा साहेब का बहुत बड़ा योगदान है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता बाबा साहेब के विचारों और सिद्धांतों का सम्मान करता है। जिन्होंने जीवनभर बाबा साहेब का अपमान किया, बाबा साहेब के सिद्धांतों को दरकिनार किया, जब तक सत्ता में रहे, तब तक बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं दिया और आरक्षण के सिद्धांतों की धज्जियां उड़ाईं, वो लोग आज बाबा साहेब के नाम पर भ्रांति फैलाना चाहते हैं।

# अटल जयंती पर 25 को होगा निकायों में अटल परिसर का वर्चुअल भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में बनाए जाने वाले अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के मौके पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राज्य के सभी नगरीय निकायों को इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले राज्य शासन ने प्रदेश के सभी नगर निगमों को 50-50 लाख, पालिका को 30 और नगर पंचायतों को 20 लाख रुपए की प्रावधिक स्वीकृती दी जा चुकी है।



- निगम को 50 लाख, पालिका को 30, नगर पंचायत को 20 लाख दिए हैं

**भूमिपूजन की तैयारी ऐसे होगी :** अटल परिसर निर्माण कार्य के लिए शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान तैयारी के लिए प्रदेश के सभी निकायों को निर्देश दिए गए हैं। इसमें वर्चुअल माध्य वीडियो लाईव स्ट्रीमिंग के लिए प्रोजेक्टर स्क्रीन लैपटॉप, कंप्यूटर इंटरनेट और साउंड सिस्टम की व्यवस्था करने कहा गया है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्थानीय सांसद, विधायक, जन प्रतिनिधियों के अलावा नगर के गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित करने कहा गया है।

### इन शर्तों पर बनाना है अटल परिसर

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा जारी आदेश के मुताबिक राशि की प्राविधिक स्वीकृति के साथ ही कुछ शर्तें भी लागू की गई हैं। कहा गया है कि समय समय पर शासन, संचालनालय द्वारा जारी आदेश का पालन करते हुए समस्त अनुषांगिक स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त करनी होंी अन्यथा इसके लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी जिम्मेदार होंगे। छग वर्क्स डिपार्टमेंट मैन्युअल में दिए गए सभी निर्देशों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्वक कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। बिना सक्षम अनुमति के कोई भी सारवान परिवर्तन विभक्तीकरण न किया जाए। इन नए कार्य के लिए स्वच्छ निविदा आमंत्रित करने के पहले पूर्व निविदा का प्रारूप का अनुमोदन सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त किया जाए। अन्यथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। निर्माण कार्य के लिए समस्त नॉन एसओआर आयटम्स कि निविदा, सामाग्री क्रय के पूर्व सक्षम प्राधिकारी से तकनीकी स्वीकृति तकनीकी स्पेसीफिकेशन व दर का विश्लेषणमय अनुमोदन प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। स्वीकृत कार्य निकाय के आधिपत्य भूमि पर ही निर्माण करवाया जाए। निजी भूमि, स्वामित्व संबंधी विवादित भूमि पर निर्माण कार्य न करवाया जाए। कार्यादेश के पहले स्वयं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि भूमि में किसी प्रकार का विवाद नहीं है।

# अब तक 63 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी कस्टम मिलिंग के लिए 10 लाख टन का उठाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी महाअभियान के तहत अब तक 63.14 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में राज्य 13.19 लाख किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 14058 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव जारी है। धान के उठाव में तेजी लाने के प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देशित किए गए हैं।

- मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में दी गई जानकारी

अब तक कुल धान खरीदी का 50 प्रतिशत से अधिक धान के उठाव के लिए डिओ और टीओ जारी कर दिया गया है, जिसके विरुद्ध मिलर्स द्वारा अब तक लगभग 10 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। यह जानकारी मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में दी गई है।



### खरीदी, उठाव, कस्टम मिलिंग पर हुई बात

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान खरीदने के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में धान खरीदी सुव्यस्थित हो तथा किसानों को सरलता के साथ बारदाना उपलब्ध हो इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में धान उठाव और कस्टम मिलिंग, केन्द्रीय पूल और छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कराने तथा परिवहन के संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में खाद्य विभाग के सचिव अन्बलगन पी, कृषि उत्पादन आयुक्त रेणु जी पिल्ले, वित्त विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार, सहकारिता विभाग के आयुक्त कुलदीप शर्मा, खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र कुमार शुक्ला, कृषि विभाग के संचालक डॉ. सरांश मित्तल, मार्कफेड के प्रबंध संचालक रमेश शर्मा, अपेक्स बैंक के ओएसडी अविनाश कुमार श्रीवास्तव, खाद्य विभाग के संयुक्त सचिव जीएस शिकरवार सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### खाद्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल बघेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित मुख्य समिति कक्ष में मंत्रि मंडलीय उप समिति की बैठक हुई। बैठक में धान खरीदी व्यवस्था सहित कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव, किसानों के लिए पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था, टोकन की स्थिति सहित विभिन्न किसान हित से जुड़े मुद्दे की समीक्षा की गई। बैठक में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही किसानों को विक्रय में सहूलियत प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने कहा गया। बैठक में मंत्री-मंडलीय उप समिति के सदस्य कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा 20 सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा शामिल हुए।

# शोध में पिछड़े, इसलिए कम उम्र के प्राध्यापकों को अब रिसर्च करने रविवि देगा 4 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अब अपने प्राध्यापकों को रिसर्च वर्क के लिए लाखों की राशि प्रदान करेगा। लेकिन यह राशि कम आयुवर्ग के प्राध्यापकों को ही प्रदान की जाएगी। विवि ने रिसर्च सीड मनी के नाम से योजना प्रारंभ की है। शोधकार्यों को बढ़ावा देने के लिए रविवि द्वारा यह योजना प्रारंभ की गई है। नैक ग्रेडिंग के दौरान टीम ने रिसर्च कार्य बेहतर नहीं होने की बात कही थी। इसके अलावा एनआईआरएफ अर्थात नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में भी विश्वविद्यालय की ग्रेडिंग रिसर्च गुणवत्ता में कमी के कारण कम रहती है।

- विश्वविद्यालय में प्रारंभ की गई 'रिसर्च सीड मनी' योजना
- 2 साल में पूर्ण करना होगा शोधकार्य, कला संकाय के प्राध्यापकों को मिलेंगे 2.5 लाख

समय-समय पर प्राचीन विश्वविद्यालय होने के बाद भी शोध कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं होने की बात सामने आती रही है। इन सभी चीजों को ध्यान में रखते हुए अब रविवि ने विश्वविद्यालय स्तर पर शोधकार्य को बढ़ावा देने का निर्णय किया है। इसके अंतर्गत ही रविवि ने शोधकार्य संबंधित यह योजना प्रारंभ की है। विश्वविद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इससे अकादमिक उत्कृष्टता भी आएगी और प्राध्यापकों के अध्यापन कौशल में वृद्धि होगी।




### प्रायोगिक कार्यों के चलते अधिक राशि

रिसर्च सीड मनी योजना के अंतर्गत विज्ञान संकाय अथवा ऐसे विषय जिसमें शोधकार्य की आवश्यकता होती है, उसमें रिसर्च के लिए 4 लाख की राशि प्रदान की जाएगी। सामाजिक विज्ञान, मैनेजमेंट, शिक्षा सहित कला संकाय के ऐसे विषय जिसमें रिसर्च के अंतर्गत लैब में प्रयोग नहीं करने पड़ते हैं, उसके लिए 2.5 लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे। प्रायोगिक कार्यों के लिए विज्ञान विषय के शोधकर्ताओं को अधिक राशि दी जा रही है।

### जरूरी होगी कमेटी की मंजूरी

प्राध्यापक जिन विषयों में रिसर्च करना चाहते हैं, उसके संबंध में उन्हें जानकारी देनी होगी। विश्वविद्यालय कमेटी द्वारा शोध परियोजना को मंजूरी दिए जाने के बाद उन्हें यह राशि जारी की जाएगी। 45 वर्ष से कम आयुवर्ग वाले प्राध्यापक ही इसके लिए पात्र होंगे। उन्हें अपना शोध अधिकतम 2 वर्षों में पूर्ण करना होगा। मौजूदा शैक्षणिक सत्र से ही यह योजना लागू की जा रही है। विवि द्वारा इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

## गुरु घासीदास जरूरत के मुताबिक 60 प्रतिशत बल की कमी से जूझ रहा

# मध्यप्रदेश के संजय दुबारी टाइगर रिजर्व के बाघों की छत्तीसगढ़ में आमद बढ़ी, व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका असर छत्तीसगढ़ के अचानकमार, गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व के साथ भोरमदेव अभयारण्य में भी देखने को मिल रहा है। कान्हा टाइगर रिजर्व के आधा दर्जन के करीब बाघ इन दिनों अचानकमार के साथ भोरमदेव में विचरण करते देखे गए हैं। साथ ही गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व मध्यप्रदेश, संजय दुबारी टाइगर रिजर्व के बाघों के लिए एक बड़ा कॉरिडोर बन गया है। संजय दुबारी के बाघों की नियमित आवाजाही गुरु घासीदास में हो रही है।

- एटीआर में व्यवस्था ठीक लेकिन पालतू मवेशी की वजह से बढ़ सकती है परेशानी

गौरतलब है कि कान्हा टाइगर रिजर्व में वर्ष 2023 की गणना के मुताबिक 129 बाघ होने की पुष्टि हुई है। इसी के साथ संजय दुबारी नेशनल पार्क में 30 के करीब बाघ हैं। क्षेत्रफल के लिहाज से दोनों टाइगर रिजर्व में कैपिसिटी से ज्यादा बाघ हो गए हैं। इसके चलते बाघों को शिकार करने आपस में द्वंद्व करना पड़ता है। इस लिहाज से किशोर उम्र के बाघ नए टेरिटरी की तलाश में छत्तीसगढ़ के वनों की ओर आ रहे हैं।

**लगाने के लिए रेडियो कॉलर तक नहीं :** भटककर पहुंचे बाघों को रेस्क्यू करने के बाद किसी जंगल में छोड़ने की स्थिति में रेडियो कॉलर लगाकर छोड़ने के निर्देश हैं। वन विभाग के पास रेस्क्यू किए बाघ को रिलीज करने पर लगाने रेडियो कॉलर तक नहीं है। पिछले दिनों चिरमिरी में रेस्क्यू बाघिन को एटीआर में छोड़ा गया। उस मादा बाघ को रेडियो कॉलर किसी दूसरी जगह से वन विभाग के अफसरों ने उधार लेकर लगाया। इसके बाद बाघिन को छोड़ा गया।

### एक्सपर्ट टीम की कमी

बाघ प्रबंधन के मामले में वर्तमान में अचानकमार टाइगर रिजर्व के कर्मी प्रशिक्षित हैं। गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व के स्टाफ बाघ प्रबंधन के मामले में प्रशिक्षित नहीं हैं। बाघों की आवाजाही बढ़ने से गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व के स्टाफ को प्रबंधन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### बल की कमी से जूझ रहा टाइगर रिजर्व

गुरु घासीदास बाघ प्रबंधन के प्रशिक्षित स्टाफ से जहां एक ओर जूझ रहा है, दूसरी ओर वहां स्टाफ की भारी कमी है। जानकारी के मुताबिक गुरु घासीदास में वर्तमान में 60 प्रतिशत मैदानी अमले की कमी है। वर्तमान में जो 40 प्रतिशत बल है, वह भी कोर तथा बफर एरिया में जाने से बचते हैं।

### विषम भगौलिक स्थिति

गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व की भगौलिक स्थित काफी विषम है। टाइगर रिजर्व चारों तरफ घने जंगल के साथ पहाड़ तथा नदियों से घिरा हुआ है। इस लिहाज से टाइगर के आने-जाने के मूवमेंट पर निगरानी रखना एक बड़ी चुनौती है। बाघ के मूवमेंट की सटीक निगरानी पर्याप्त स्टाफ होने के बाद ही की जा सकती है।

### पेट एनिमल एक बड़ी समस्या

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बड़ी संख्या में पालतू मवेशी विचरण करने पहुंचते हैं। टाइगर रिजर्व में विचरण कर रहे बाघ द्वारा कई बार पालतू मवेशियों के शिकार करने की पुष्टि हुई है। ऐसी स्थिति में एटीआर में बाघों की संख्या बढ़ने से पालतू मवेशियों की शिकार की घटनाएं बढ़ जाएंगी। इससे ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

### रहवास क्षेत्र विकसित होने से कॉरिडोर प्रभावित

कान्हा टाइगर रिजर्व के बाघों का एटीआर में आवाजाही करने भोरमदेव एक बड़ा कॉरिडोर है। बाघों के एटीआर आवाजाही करने के कॉरिडोर बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इसकी वजह बाघों की आवाजाही करने के मार्ग में रहवासी क्षेत्र के रूप में विकसित होने के साथ वनों की अवैध कटाई कर कृषि कार्य करना है।

## खबर संक्षेप

### रेंगाडबरी में मड़ई 1 जनवरी को

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में 1 जनवरी को दिन बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्राम के नेमन साहू ने बताया कि मड़ई मेला होने के बाद रात्रि में मनोरंजन के लिए ज्ञान के पूजा छत्तीसगढ़ी लोक संगीत नाच पार्टी ग्राम मुरमाड़ी पोस्ट ककोड़ी जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) का कार्यक्रम रखा गया है। इसमें ग्रामवासियों ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की है।

### वार्ड पंच के लिए 28 व सरपंच पद के लिए आरक्षण 29 को

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993, छत्तीसगढ़ पंचायत उपसरपंच, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन नियम, 1995 एवं छत्तीसगढ़ निर्वाचन नियम 1995 के अनुषांगिक प्रावधानों के तारतम्य में आबंटन एवं आरक्षण के लिए सूचना प्रकाशित कर दी गई है। इसके अंतर्गत वार्ड पंच के लिए 28 दिसंबर को एवं सरपंच पद के लिए 29 दिसंबर को आवंटन एवं आरक्षण की तिथि निर्धारित की गई है। वार्ड पंच एवं सरपंच पद हेतु आबंटन एवं आरक्षण की कार्यवाही निर्धारित तिथि के अनुसार बालोद, गुरूर, डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्डों के जनपद पंचायत के सभाकक्ष में एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन चौनगंज गुण्डरदेही में सुबह 11 बजे से आंबटन एवं आरक्षण की कार्यवाही संपन्न की जाएगी। इसी तरह जनपद सदस्य पद के लिए 28 दिसंबर, जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष पद हेतु 29 दिसंबर को आंबटन एवं आरक्षण की तिथि निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष में जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों के आबंटन एवं आरक्षण की कार्यवाही सुबह 11 बजे से एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष पद हेतु दोपहर 01 बजे से आबंटन एवं आरक्षण की कार्यवाही निर्धारित तिथियों मे संपन्न की जाएगी। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त सभी पदों के लिए प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन एवं आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी।

### हमें संसार से पार लगाने वाली है श्रीमद् भागवत कथा : पं. हरिशरण

**जामगांव आर।** ग्राम औरी में भागवत महापुराण कथा 22 से 30 दिसंबर तक हो रही है। कथा वाचक हरिशरण वैष्णव (कनेरी वाले) के मुखारवृंद से प्रथम दिवस भक्तों ने भागवत भगवान की कथा सुनी। यजमान कौशल चंद्राकर, मीना चंद्राकर, रेखाराज चंद्राकर, सृष्टि चंद्राकर के साथ काफी तादात में धर्म प्रेमी उपस्थित रहे। व्यासपीठ पर आसीन हरी शरण वैष्णव ने कहा कि भागवत भगवान की महिमा श्रवण कर आत्मसात करने वाले जीव का भव-भव भटकाव से मुक्ति मिल जाती है। कथा की प्रथम दिवस मे महराज जी ने भागवत की महात्म्य सुनाते हुए भागवत की महिमा बताते हुए सच्चीदानंद भगवान की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान को ही सच्चीदानंद रूप कहा गया है। महराज जी ने कहा कि गौकरण जो भगवान की कथा सुनते औऱ सुनाते थे औऱ धुंधकारी जो गलत आचरण में पड़कर अंत में प्रेत योनि को गया।

**समारोह :** ग्राम चिंगरी में आयोजित महतारी वंदन लाभार्थी महिला सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक

# नारी सशक्त होगी तभी राष्ट्र सशक्त होगा : चंद्राकर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने के लिए समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने के लिए हमारी विष्णु देव साय सरकार द्वारा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू की गई है। इसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उक्त बातें छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिंगरी में महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग द्वारा आयोजित महतारी वंदन लाभार्थी सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कही। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री चंद्राकर ने कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने महतारी वंदन योजना से लाभार्थी महिलाओं का शाल-श्रीफल से सम्मानित किया। साथ ही पत्रकार और परियोजना पर्यवेक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि आज मैं महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं के बीच उपस्थित होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। यह योजना हमारी सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके जीवन को बेहतर बनाना है।महतारी वंदन योजना के माध्यम से, हमारी सरकार ने महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।और प्रदेश के 70 लाख महिलाओं के डायरेक्ट खाते में हर माह 1000 रुपए डालने का काम कर रही है। प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में पैसा खाते में डाल दिया जाता है। यह योजना महिलाओं को उनके बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करने में मदद करती है।

### मोदी की गारंटी से खुल रहा है प्रदेश में तरक्की का रास्ता

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि, जब नारी सशक्त होती है तब राष्ट्र भी मजबूत होता है। देश की आधी आबादी की चिंता हमारे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने की है। नारी सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी से प्रदेश में तरक्की का रास्ता खुल रहा है। उन्होंने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में, हम महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं को सम्मानित कर रहे हैं। ये महिलाएँ हमारे समाज की सच्ची नायिकाएँ हैं, जिन्होंने अपने परिवार के लिए और अपने समुदाय के लिए बहुत कुछ किया है।

### आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो रहा है : माया

जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन बोलीं आत्मनिर्भर भारत का सपना हो रहा है। साकार वहीं जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन ने कहा कि, पीएम मोदी व विष्णु देव साय के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो रहा है। उनके महतारी वंदन योजनाओं से महिलाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन हुआ है। अब नारी शक्ति आत्मनिर्भर हो रही हैं छोटे छोटे जरूरत की चीजों को स्वयं निर्वाहन कर रही हैं। इस अवसर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व वर्तमान जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन एसडीएम हरवंश सिंह मीरी,जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पांडे नायब तहसीलदार, कलिहारी मैडम, परियोजना अधिकारी उषा झा, जनपद सदस्य टिकेश्वरी देशमुख, जनपद सदस्य विक्की मिश्रा सरपंच पुष्पा देवी देशमुख, पाऊंवारा सरपंच वामन साहू, आमटी सरपंच घनश्याम साहू, देवकी साहू प्रमिला वर्मा, दिनेश मिश्रा पटवारी तोषी दिल्लीवार वासियों सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी सहित महतारी वंदन योजना लाभार्थी महिला उपस्थित रहे। मंच संचालन संजू खिलेन्द्र यादव ने किया।

# साहू समाज के पदाधिकारियों और सभी ग्रामीण अध्यक्षों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ परिक्षेत्रीय साहू समाज डौंडीलोहारा ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ संगठन सचिव शिवेन्द्र बहादुर साहू द्वारा परिक्षेत्रीय साहू संघ डौंडीलोहारा के समस्त परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों व समस्त ग्रामीण अध्यक्षों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यशवंत साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज डौंडीलोहारा ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संरक्षक संतोष साहू उपस्थित थे। सम्मान समारोह को न्याय प्रकोष्ठ संयोजक भानुदेवदास साहू, उपाध्यक्ष मधुसूदन साहू, अंकेक्षक खिलावन साहू तथा श्रीमती बसंती साहू ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव पीताम्बर साहू ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवेन्द्र बहादुर साहू ने कहा कि साहू समाज की एकता व अखंडता समाज को एक नवआयाम देती है, समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर हम समाज का उत्थान कर सकते हैं, साथ ही समाज में शिक्षा का विशेष महत्व है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भानुदेव दास साहू ने समाज में युवा शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज को युवा शक्ति नयी ऊंचाई पर ले जाएगी। मधुसूदन साहू ने कहा कि सामाजिक नियमावली का ज्ञान प्रत्येक सामाजिक पदाधिकारियों के लिए आवश्यक है। उपाध्यक्ष बसंती साहू ने समाज में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। खिलावन साहू ने कहा कि हम सभी को माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज को गौरवान्वित करना होगा। परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों व ग्रामीण अध्यक्षों को शॉल, श्रीफल, गीता दैनन्दिनी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन अध्यक्ष यशवंत साहू ने किया। इस अवसर पर यशवंत साहू,हेमलाल साहू, लल्ला राम, पूरन साहू, बसंती साहू, धनेश्वरी साहू, मीना साहू, गौकरन साहू, अभय साहू, गुमान साहू, पारस साहू, रमन लाल, कीर्तन साहू, माखनलाल साहू, सुरेश कुमार, दयाराम, मनोज कुमार, ढालसिंह साहू, हरिराम साहू, रामलाल साहू, राम मिलन साहू, संतोष कुमार, मिथिलेश साहू आदि उपस्थित थे।

**महतारी वंदन योजना राज्य की महिलाओं के लिए साबित हो रही उपयोगी**

# आर्थिक रूप से सशक्त, सुदृढ़ व आत्मनिर्भर बन रही हैं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही महतारी वंदन योजना राज्य की जरूरतमंद महिलाओं के लिए बहुपयोगी साबित हो रही है। राज्य शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम हीरापुर की गृहिणी रविना साहू की नन्हीं बिटिया की सुखद एवं बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए आधार साबित होने वाली है।

महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह मिलने वाली 01 हजार रुपये की राशि में से 500 रुपये राशि की बचत कर रविना साहू सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाता खुलवाकर प्रत्येक माह नियमित रूप से जमा कर रही हैं। राज्य शासन के इस योजना को अपने लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए रवीना साहू ने कहा कि पारिवारिक आय कम होने एवं बच्ची की उम्र बढ़ने के साथ उन्हें बच्ची की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की चिंता लगी रहती थी परंतु मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में उन्हें इस समस्या का हल संभव हो पाया है। रविना ने बताया कि उनकी ढाई साल की एक पुत्री है। उसने बताया कि इस वर्ष मार्च माह से महतारी वंदन योजना के तहत नियमित ही महतारी वंदन योजना की राशि प्रतिमाह उसके बैंक खाते में प्राप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना की राशि का उपयोग वह सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत अपनी पुत्री का खाता खुलवाकर की है। यह उसकी पुत्री के भविष्य को सुरक्षा प्रदान करेगी। इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना से प्राप्त होने वाली राशि से भविष्य में अपनी पुत्री की शिक्षा और विवाह के लिए भी उपयोगी साबित होगी। इस तरह से रविना प्रतिमाह महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि में से 500 रुपये की राशि को सुकन्या समृद्धि योजना में जमा कर अपनी लाडली बिटिया के सुखद भविष्य के लिए पूरी तरह से आशान्वित है।

इस योजना की सराहना करते हुए रविना ने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिली राशि का उपयोग छोटी–छोटी जरूरतों को पूरा कर अपने पति के साथ घर चलाने में भी उनकी आर्थिक मदद भी करती है। रविना ने महतारी वंदन योजना के बेहतर संचालन और प्रतिमाह आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को खुशी–खुशी धन्यवाद दिया है।

# सशिमं जामगांव आर में शुरू हुई दो दिवसीय प्रतिभा खोज स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

■ विद्यालय के प्राचार्य बारले ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन





सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में सोमवार को दो दिवसीय प्रतिभा खोज स्पर्धा का उद्घाटन प्राचार्य पीएल बारले ने किया। विद्यालय विद्यार्थियों की प्रतिभा को तलाशने के लिए प्रतिवर्ष प्रतिभा खोज स्पर्धा का आयोजन करती है। इस स्पर्धा में चयनित विद्यार्थी अगले वर्ष सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजित जिला प्रांत क्षेत्र राष्ट्र स्तरीय खेलों में अपनी प्रतिभा अवसर अनुरूप निभाएंगे। 21 ग्रामों से आने वाले विद्यालय के विद्यार्थी अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय स्तर पर प्रतिभा खोज स्पर्धा का दो दिवसीय आयोजन रखा गया है। इसके तहत गणित प्रदर्शनी व्यंजन मेला, खो खो, कबड्डी, बैडमिंटन, योग, कैरम, शतरंज, वालीबाल विविध प्रकार के दौड़ गोला फेंक, कूद, रिलेरेस, जलेबी दौड़ आदि खेल आयोजित है। व्यवस्था प्रधानाचार्य दिव्या चंद्राकर ने बताया कि प्रतिभा खोज स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आगामी सत्र सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजित जिला संभाग प्रांत में प्रतिभागी बनने का अवसर मिलता है। विदित हो कि विद्याभारती की इस संस्था की माध्यम से क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभा प्रदर्शन का सुसज्जित प्लेटफार्म मिलता है।

### स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव में सम्मानित किए जाएंगे विजेता

व्यवस्थापक एके जैन ने बताया कि प्रतिभा खोज स्पर्धा प्रतिवर्ष अधिवार्षिक परीक्षा के तुरंत बाद आयोजित की जाती है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान डॉ हेडगेवार सदन में स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव समारोह 12 जनवरी को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विजेताओं को विजय प्राप्त करते ही विजयी कूपन व प्रमाण पत्र प्रदाय कर दिया जाएगा। सम्मान के समय यह कूपन विद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

# अरमरीकला में हुआ सतनाम मंगल भवन का लोकार्पण



**गुरूर।** ग्राम अरमरीकला में बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह एवं सतनाम मंगलभवन का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा थीं, अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू ने की।

विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत बालोद के सभापति केदार देवांगन, जिला कांग्रेस कमेटी बालोद, अनुसूचित जाति कांग्रेस विभाग के जिला अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि शासकीय हाई स्कूल पेण्डरवानी दीनाराम चेलक, टोमन साहू, चन्द्रहास सिन्हा, चोवा राम साहू, ओमप्रकाश साहू, दिनेश साहू, तहसील सतनामी समाज के अध्यक्ष कृष्णा बंजारे, अरमरीकला सतनामी समाज के परिक्षेत्र अध्यक्ष वासुदेव मार्कण्डेय सहित समाज एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।




**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला जिला बेमेतरा छ.ग.**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सूर्यप्रकाश पिता मनहरण साकिन पिरदा तह. भिभौरी जिला बेमेतरा द्वारा ग्राम पिरदा स्थित भूमि खसरा नं. 611/3 स्थित भूमि प.ह.नं. 09 रकबा 0.10 हे. कुल ख.नं. 1, कुल रकबा 0.10 हे. भूमि 1000 वर्ग मीटर को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को उजर-दावा हो तो दिनांक 30/12/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। तथा समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला-बेमेतरा

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला जिला बेमेतरा छ.ग.**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णकुमार पिता मनहरण साकिन पिरदा तह. भिभौरी जिला बेमेतरा द्वारा ग्राम पिरदा स्थित भूमि खसरा नं. 611/1 स्थित भूमि प.ह.नं. 09 रकबा 0.11 हे. कुल ख.नं. 1, कुल रकबा 0.11 हे. भूमि 1000 वर्ग मीटर को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को उजर-दावा हो तो दिनांक 30/12/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। तथा समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला-बेमेतरा

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला जिला बेमेतरा छ.ग.**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गजेन्द्र पिता मनहरण साकिन पिरदा तह. भिभौरी जिला बेमेतरा द्वारा ग्राम पिरदा स्थित भूमि खसरा नं. 611/4 स्थित भूमि प.ह.नं. 09 रकबा 0.10 हे. कुल ख.नं. 1 कुल, रकबा 0.10 हे. भूमि 1000 वर्ग मीटर को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को उजर-दावा हो तो दिनांक 30/12/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। तथा समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला-बेमेतरा

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला जिला बेमेतरा छ.ग.**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सत्यनारायण पिता मनहरण साकिन पिरदा तह. भिभौरी जिला बेमेतरा द्वारा ग्राम पिरदा स्थित भूमि खसरा नं. 611/2 स्थित भूमि प.ह.नं. 09 रकबा 0.10 हे. कुल ख.नं. 1, कुल रकबा 0.10 हे. भूमि 1000 वर्ग मीटर को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को उजर-दावा हो तो दिनांक 30/12/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। तथा समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला-बेमेतरा

Health Town

K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भरदा में कबड्डी प्रतियोगिता कल

**अंडा।** न्यू शिवा जी क्रीडा मण्डल द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम भरदा (कोनारी) में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसंबर को किया जा रहा है। समिति सदस्य ताम्रध्वज देशमुख ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11,001 द्वितीय 7001, तृतीय 5001 और चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपये रखा गया है। इसके साथ ही अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार भी रखे गए हैं।

### स्कूलों में मनाया सामूहिक तुलसी पूजन दिवस

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वधान में दुर्ग जिला के बालसंस्कार विभाग द्वारा संत आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से तुलसी पूजन दिवस दुर्ग जिला के 51 स्थानों में मनाई गई। उसी कड़ी में नव मंगल हाई स्कूल पूरई, शा. गया बाई पूर्व माध्यमिक शाला गया नगर दुर्ग, तिलक विद्यालय दुर्ग, के डी विद्यालय दुर्ग में तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। सभी 25 दिसंबर को अपने अपने घरों में तुलसी पूजन दिवस मनाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम समिति संस्था द्वारा 1 से 25 दिसंबर तक यह कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई है। सभी स्कूल के बच्चे और शिक्षक उत्साह से कार्यक्रम में सहयोग भी प्रदान किया। समिति द्वारा शिक्षकों को नूतन वर्ष 2025 का कलेंडर भी उपहार के रूप में दिये गए। समिति द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम देश भर के 450 आश्रम की समिति में मनाया गया। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### संभागायुक्त से अधिक धान तौलने की शिकायत

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने आज दुर्ग संभाग कमिश्नर एस एन राठौड़ से मुलाकात कर उन्हें धान खरीदी केंद्रों में निर्धारित धान से अधिक धान तौलने की शिकायत की है। इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें कहा गया है कि संभाग के लगभग सभी खरीदी केन्द्रों में किसानों की विवशता का अनुचित लाभ उठाकर निर्धारित से अधिक मात्रा में धान की तौल की जा रही है सूखत के नाम पर प्रत्येक तौल में आधा से एक किलो अधिक तौल की जाती है जिससे किसानों को 60-70 रू प्रति क्विंटल की आर्थिक क्षति हो रही है। किसान संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर से आग्रह किया है कि संभाग के सभी जिलों के खरीदी केन्द्रों में जांच कराया जाए।

## कार्यक्रम : शासकीय हाई स्कूल भरदा में गणित बाजार का किया गया आयोजन

# विभिन्न व्यवसायों के माध्यम से बच्चों ने बताया दैनिक जीवन में गणित का महत्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

बेरला विकासखण्ड के ग्राम भरदा स्थित शासकीय हाई स्कूल में गणित बाजार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देश के विख्यात गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन की याद में राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न काम धंधे और व्यवसाय पर आधारित आकर्षक दुकान सजाकर दैनिक जीवन में सरल गणित के महत्व को बताया।

सर्वप्रथम गणित बाजार कार्यक्रम की शुरुआत ऊंचाई और दूरी गणित अवधारणा के तहत गिलास के समूह को गेंद से गिराने की गतिविधि के माध्यम से संस्था के प्राचार्य- संतोष कुमार परगनिहा ने किया। उन्होंने बताया कि श्रीनिवासन तमिलनाडु के प्रतिभावान छात्र थे। उन्होंने बहुत कम उम्र में जटिल गणित को हल करके दूसरों को भी गणित में रुचि लेने का मार्ग प्रशस्त किया।

### आम लोगों के जीवन में गणित का अहम महत्व

गणित बाजार में ग्राम भरदा और लावातरा के प्राथमिक शाला से हायर सेकेण्डरी स्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्हें संबोधित करते हुए गणित क्लब प्रभारी व्याख्याता विकेश कुमार यादव ने कहा कि गणित मनोरंजन और आनंद लेने का विषय है। यह हमें तर्क करने, समस्या समाधान, अनुमान लगाने, किसी खास पैटर्न को समझने और किसी समस्या को हल करने के विविध तरीकों और चरणों के बारे में शिक्षित करता है। गणित हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इससे डर कर हम भाग नहीं सकते। यदि हम थोड़ा प्रयास करें तो सरल गणित करना हमारे बाएं हाथ का खेल हो सकता है। उन्होंने प्रतिदिन घर पर गणित का अध्ययन करने प्रेरित किया।

**पुस्तक, मिठाई से लेकर ऑटो मोबाइल तक का लगा स्टॉल:** बहरहाल इस गणित की संक्रिया बहुत सरल और आसान होता है यह बताने स्कूल की छात्रा चंचल और निशा ने फ्रूट शॉप तो छात्र तुषार और डोमन ने इलेक्ट्रानिक, श्रेया और लक्ष्मी ने बुक स्टाल व शॉप, नरेन्द्र और आयुष ने फल और सब्जी दुकान, दुष्यंत और तिलक ने कपड़ा दुकान, प्रतिज्ञा और रागिनी ने स्वीट होम, सुहानी और खिलेश्वरी ने ऑटो मोबाइल, श्रेया और लक्ष्मी ने बुक स्टाल लगाया।

जिसमें ग्राहक छात्रों को लेनदेन करने आमंत्रित किया जाता था। इस दौरान छात्रों को आसान सवाल हल करने दिया जाता था। सही हल करने पर उन्हें इनाम दिया जाता था। जो सही हल नहीं कर पाते उन्हें हल करने के तरीके बताए जाते थे।

### खेल-खेल में बढ़ती है गणित के प्रति रुचि

फिलहाल स्कूल में गणित के रोचक और मनोरंजन प्रकृति को बताने खेल भी कराए गए। जिसमें प्रीति और दुर्गा ने ऊंचाई और दूरी पर आधारित खेल, पुरन और डामर ने अनुमान लगाने खेल , टोमिका और तमन्ना ने मुद्रा रुपए पर आधारित खेल खेलाए गए।

### होटल का आनंद और गणित सीखना दोनों साथ-साथ

छात्रों ने मापन और मात्रा को समझाने के लिए रोचक तरीके का इस्तेमाल किया। इन्दु और देवकुमारी ने भरदा सिटी होटल एंड रेस्टोरेंट लगाकर अनेक प्रकार के भजिया बेचे। जबकि पालकों और प्रतिभागी बच्चों ने आलू, प्याज, मिर्च से बने भजिया का खूब स्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन गणित क्लब की अध्यक्ष रूपेश्वरी के नेतृत्व में बल संसद की प्रतिभा यदु, प्रीति वर्मा, तुलसी निषाद, निशु पटेल, कृष्णा यदु, ईशा, कमलेश, साकेश ने किया। वहीं, प्रस्तुतिकरण का आंकलन संस्था की व्याख्याता अंजलि वर्मा और राखी वैष्णव ने किया।

# सेवा सहकारी समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने विधायक दीपेश से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- विधायक दीपेश ने मिठाई खिलाकर किया सोसायटी अध्यक्षों का अभिनंदन

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सेवा सहकारी समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने सोमवार विधायक दीपेश साहू से उनके निवास कार्यालय में नवनिर्वाचित सोसायटी अध्यक्ष मनोनीत होने पर मुलाक़ात क्र आभार प्रकट किया। इस दौरान विधायक साहू सभी सोसायटी अध्यक्षों को मनोनीत होने पर मिठाई खिलाकर भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन क्र बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आप सभी के नेतृत्व में सोसायटी निश्चित रूप से विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

आपकी ईमानदारी, कड़ी मेहनत और नेतृत्व क्षमता से क्षेत्र की प्रगति को नया बल मिलेगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में सहकारी समिति किसानों और क्षेत्रवासियों के कल्याण के लिए उत्कृष्ट कार्य करेगी। आप सबको नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ। अध्यक्षों ने कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी द्वारा हम सबको दी गई है। उसको सत्य निष्ठा के साथ सीमित के हित में किसानों के हित में कार्य करेंगे तथा हमेशा किसानों के समस्याओं के समाधान करने के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने अपने शीर्ष नेतृत्वकर्ता के साथ बेमेतरा विधायक दीपेश साहू का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सुनील सिंह राजपूत मोहभट्टा सोसायटी, हरेंद्र यादव चोगीखपरी, दीनदयाल साहू लेंजवारा, प्रहलाद पप्पू वर्मा बांसा, तेजश्वर वर्मा लोलेसरा, लव साहू मोहतरा, मोहन साहू कुसमी, डे साहब जिया, प्रबल ठाकुर जेवरा, रामकुमार निषाद बीजाभाट, थानूराम साहू रचकुड़ी, भागी साहू कंतेली, लोभन साहू डूडा दोहाई वर्मा बेमेतरा, के साथ भाजपा कार्यकर्त्ता शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, राजू देवांगन, छोटू राम साहू, गजानंद साहू, युगल देवांगन, प्रहलाद वर्मा जनसेवक, गौरव साहू, रेवा राम निषाद,जीतेन्द्र साहू, ओमकार साहू, कमलेश साहू , नरेश साहू, राजीव तम्बोली सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

**न्यू गुरुकुल स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव में वक्ताओं ने कहा**

# बच्चों को अपनी प्रतिभा जानने के लिए स्कूल में मिलता है पहला स्टेज : थलज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल ने अपना 8वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से किया गया।

व्याख्याता थलज साहू ने कहा कि बच्चों को अपने अंदर की प्रतिभा को जानने के लिए जो पहला स्टेज मिलता है, वो स्कूल से ही मिलता है। जेके घृतलहरे ने अपने कविता के माध्यम से शिक्षा का महत्व बताया कि जीवन में एक व्यक्ति को शिक्षित होना कितना जरूरी है। उन्होंने कहा कि साक्षरता मिशन के तहत राज्य एवं केंद्र सरकार भी लोगों को साक्षर करने के लिए बहुत से प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा सत्र 2023-24 में विद्यालय के विभिन्न कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय में सत्र 2021-22 अध्ययनरत छात्र योगेश गहरे जिन्होंने नीट 2024 में उच्चतम अंक प्राप्त कर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पाने, श्रेया साहू जिनका चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ एवं राहुल सेन जिनका चयन राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में हुआ सभी को सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिन्हें देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इन दौरान विद्यालय के संचालक जगपाल सिंह खुराना, प्राचार्या मनिंदर कौर, पोषण जायसवाल, जितेंद्र पाल, राहुल साहू, सीताराम निर्मलकर, कामेश्वर रजक, रुस्तम मुर्मू, नीलकंठ पटेल, भोजराज सोनी, अंकिता योगी, अंजली कुर्रे, अपराजिता सिंह, आकांक्षा बंजारे, भारती साहू, दीक्षा गुप्ता, दीपांजलि मुर्मू, दीप्ति शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम देख विधायक दीपेश ने किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बीडीएस स्कूल के वार्षिक उत्सव में हुए शामिल

विधायक दीपेश साहू ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के बीडीएस पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने नन्हें बच्चों की देशभक्ति और छत्तीसगढ़िया गाने पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देखी और बच्चों का ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। विधायक साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को सम्बोधित करते हुए परीक्षा की बेहतर तैयारी करने के कई टिप्स बताए। उन्होंने ने छात्रों से कहा कि वे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें समय का सदुपयोग करें, पढ़ाई में ध्यान दे। श्री साहू ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे नैतिक मूल्यों को बनाए रखने की सलाह दी। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, राजू देवांगन, विकाश तम्बोली,रेवा राम निषाद, नीतू कोठारी, डॉ नरेश साहू, मीनू पटेल, अभिनव, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिका, पालक गण नगर वासी उपस्थित रहे।




# हर तीन माह में एक बार रक्तदान कर सकता है स्वस्थ व्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- नवागढ़ सरकारी अस्पताल में आयोजित शिविर में डॉक्टरों ने भी किया रक्तदान

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में जरूरतमंद व्यक्तियों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। शिविर के प्रारंभ में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एमएम रजा, डॉ विकास पांडेय एवं डॉ क्षितिज शुक्ला ने स्वयं रक्तदान किया। इसी बीच जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए बसोंड ने शिविर का निरीक्षण भी किया। शिविर में कुल 21 यूनिट ब्लड कलेक्शन हुआ।

डॉ रज़ा ने बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन माह में रक्तदान कर सकता है। स्वास्थ्य विभाग आम जन से अपील करता है कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें, जिससे जरूरतमंद व्यक्तियों की जीवन रक्षा में आपका रक्त काम आ सके।



### सप्ताहभर में दोबारा बन जाता है रक्त

डॉ पांडेय ने कहा कि रक्तदान करने से मानसिक खुशी का अनुभव होता है, क्योंकि हम किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने के लिए स्वेच्छा से उसकी मदद कर रहे होते हैं। रक्तदान से कोई शारीरिक कमजोरी नहीं होती है। दान किया गया रक्त एक सप्ताह के भीतर दोबारा बन जाता है। इस अवसर पर बीपीएम सीके देवांगन, डॉ एसके बघेल वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ, बीईटीओ यूआर ध्रुव, सुनील नवरंगे, खिलावन टंडन, असेद्र, वसुधा, सोमारानी सेज, तरुण, मोहन, सनत आदि उपस्थित थे।

# भिंभौरी महाविद्यालय ने चलाया पोषक विद्यालय संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के भिंभौरी महाविद्यालय द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के अंतर्गत समीपस्थ हायर सेकंडरी स्कूलों के छात्रों को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. समीर ठाकुर के मार्गदर्शन में समस्त शैक्षणिक स्टाफ छात्रों को पाठ्यक्रम, संचालित कक्षाओं और विषयों की जानकारी प्रदान कर रहा है।

कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिभौरी में संपर्क अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सेमेस्टर सिस्टम के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही छात्रों की शंकाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में जीएस भारद्वाज, डॉ. रामकृष्ण साहू, रेणुका सोनी, नेहा सिन्हा, पुरषोत्तम टंडन, नीलमणि मानिकपुरी, अजय जैन, स्कूल प्राचार्य महेन्द्र वर्मा और स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे। छात्रों ने महाविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में रुचि दिखाई। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक और प्रेरित करना है।





# मेड़की बदनारा में शुरू हुआ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**नवागढ़।** ग्राम मेड़की बदनारा में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ मंगल कलशयात्रा के साथ रविवार को हुआ। 22 से 24 दिसंबर तक तीन दिवसीय यह आयोजन सर्व समाज एवं गायत्री परिवार मेडकी द्वारा किया जा रहा है।

प्रथम दिवस की कथा में पंडित ओमप्रकाश ठाकुर ने यज्ञ का ज्ञान विज्ञान एवं सत्संग की महिमा को बताया। उन्होंने कहा कि सर्व समाज का यह प्रयास गांव में सामाजिक सद्भावना एवं मिलजुल कर रहने की प्रेरणा प्रदान करेगा। सबके कल्याण के लिए आयोजित यह यज्ञ एवं शिव महापुराण की कथा लोगों के जीवन में धार्मिकता, सात्विकता एवं नैतिकता के गुणों का विकास करने में सफल होगा। यहां पर सभी सोलह संस्कार निशुल्क कराए जाएंगे। अधिक से अधिक लोगों से संस्कार करने की अपील की गई।

# जिला जेल में हुआ सद्भावना सत्संग कार्यक्रम

## मानव उत्थान सेवा समिति ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मानव उत्थान सेवा समिति ने जिला जेल में सद्भावना सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सतपाल महाराज की अनुयाई साध्वी महात्मा भुवनेश्वरी बाई ने कैदियों के बीच सत्संग करते हुए अपना विचार रखा कि प्रत्येक व्यक्ति के अंदर अच्छाई और बुराई दोनों ही रहता है।

अच्छे लोगों के साथ रहने से हम अच्छा व्यक्ति बनते हैं तथा बुरे व्यक्ति के साथ रहने से हम बुरे बन जाते हैं। हमारे अंदर के पाशविक वृत्ति काम, क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार हमें बुरे कर्म करने पर विवश कर देते हैं। धन दौलत पुत्र परिवार ये संसार की वस्तुएं संसार में ही रह जाएंगी। भगवान की भजन भक्ति और शुभ कर्म ही इस लोक में और परलोक में साथ देती है। इसलिए हमें सद् साहित्य का अध्ययन और संत महापुरुषों की संगति करना चाहिए। लगभग दो सौ कैदियों ने सत्संग का लाभ लिया। कार्यक्रम में श्रीरामचरितमानस संघ जिला अध्यक्ष अनिल रजक, हनुमान प्रसाद तिवारी, तुलसी राम वर्मा, नारायण कुमार निषाद, उत्तम कुमार साहू, लीलाराम राजपूत, तहसील अध्यक्ष देवराम साहू, डा रिझन सिंह सेन, उपाध्यक्ष विनोद साहू भिंभौरी, बेरला तहसील अध्यक्ष पंचराम यादव, नवागढ़ तहसील अध्यक्ष भागवत निर्मलकर, लोकनाथ साहू कठिया, सेवक राम साहू, रामचन्द्र साहू रतिराम वर्मा मौजूद रहे।



